तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



13 बुनियादी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कॉलेज छात्रों ने किया प्रदर्शन





14 छात्रों के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन...





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26


## खबर संक्षेप

### बार संचालक और उसके साथियों ने की मारपीट

**भिलाई।** शराब पीने गए युवक के साथ बार संचालक और उसके साथियों ने जमकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। घटना छावनी थाना क्षेत्र की है। शिकायत पर पुलिस ने संचालक समेत अन्य लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि सुमीत कटोरे ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई के आहाता में काम करता है। 21 जुलाई की रात अपने दोस्त केतन कुमार वर्मा के साथ शराब पीने इंपीरियर बार नंदिनी रोड गया था। जहां बीयर पीते समय गिलास गिर कर फुट गया था। इसी बात को लेकर इंपीयरियर बार संचालक से वाद विवाद हुआ था। लेकिन नुकसान का भुगतान भी कर दिया गया था। बावूजद रात 11.30 बजे पीड़ित और दोस्त केतन कुमार वर्मा इंपीरियर बार से बाहर निकल रहे थे। तभी बार संचालक अपने साथियों के साथ गिलास फुटने की बात को लेकर केतन को गाली गलौज कर रहा था। उसे गाली देने पर विरोध जताया गया तो पीड़ित और केतन के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### एसपी त्रिलोक बंसल ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण, विशेष टीम गठित

# सूने मकान से नकदी समेत 5.60 लाख के जेवर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए शहर के वार्ड क्रमांक-12 स्थित श्रीराम नगर (सिंघौरी) के एक सूने मकान को निशाना बनाया और करीब 5 लाख 60 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दो संदिग्ध देर रात घर के भीतर प्रवेश करते और कुछ देर बाद बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पवन शाह (36 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक-12 श्रीराम नगर ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 और 22 जुलाई की दरमियानी रात करीब 2:42 बजे से 2:53 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उनके मकान के मुख्य दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और नगदी पार कर दी।

### सीसी टीवी में कैद हुए दो संदिग्ध





### सोने-चांदी के जेवरों के साथ एक लाख नकद भी ले गए

चोर घर से लगभग 70 ग्राम का सोने का रानी हार, 40 ग्राम का कंगन, 15 ग्राम का चैन, दो अंगूठियां, मांग टीका, नथ, फुली, पतली, बच्चों का सोने का लॉकेट सहित कई सोने के आभूषण ले गए। इसके अलावा चांदी के पायल, कड़ा, बिछिया, करधन, कटोरी-गिलास सहित करीब 100 ग्राम पुराने चांदी के बर्तन तथा एक लाख रुपये नकद भी चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत 5.60 लाख रुपये आंकी गई है।

### सीसीटीवी फुटेज बना बड़ा सुराग

घटना के दौरान घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध युवक मकान के भीतर प्रवेश करते और वारदात को अंजाम देने के बाद बाहर निकलते नजर आए हैं। पुलिस ने फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। तकनीकी साक्ष्यों के साथ आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी बारीकी से जांच की जा रही है।

### एसपी ने खुद संभाली कमान, मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (आईपीएस) स्वयं घटनास्थल पहुंचे। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, एसडीओपी भूषण एक्का, सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा तथा पुलिस और साइबर सेल की टीम भी मौजूद रही। एसपी ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वारदात से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और चोरी गए माल की बरामदगी के लिए सिटी कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त विशेष टीम गठित की है।

### तकनीकी और पारंपरिक दोनों तरीकों से जांच

पुलिस के अनुसार, आरोपियों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी सर्विलांस, मुखबिर तंत्र और अन्य पारंपरिक जांच माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। पुलिस को उम्मीद है कि उपलब्ध फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(क), 331(4) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बीच इस वारदात ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक |**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
........................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ........................ 2. पिता / पति ........................
3. जन्म तिथि अंकों में ........................ 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ........................ पोस्ट ........................ तहसील ........................
थाना ........................ जिला ........................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ........................ मो. नं. 2 ........................ वाट्सअप नं. ........................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)




## खबर संक्षेप

### बेटी की शादी पर मिलेगा निःशुल्क गैस कनेक्शन



**भिलाई।** विधायक रिकेश सेन ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा की है। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्राप्त करने वाले परिवारों में बेटियों का विवाह होने पर नवविवाहित दंपत्ति को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत एक गैस सिलेंडर और एक गैस चूल्हा प्रदान किया जाएगा। नई पहल का शुभारंभ 10 अगस्त से उनके जन्मदिन के दिन से किया जाएगा। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटी के विवाह के बाद नए गृहस्थ जीवन की शुरुआत सुविधाजनक और सम्मानजनक हो, यही इस योजना का उद्देश्य है। स्वच्छ ईंधन का उपयोग केवल सुविधा ही नहीं, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और बेहतर जीवन स्तर से भी जुड़ा हुआ है।

### ब्लड बैंक को मजबूत बनाने जुटेंगे समाज के प्रतिनिधि

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग परिसर में संचालित ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 जुलाई को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं, उद्योगों, पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों, जनप्रतिनिधियों तथा समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। रेडक्रास सोसायटी के जिला नोडल अधिकरी डॉ. सीबीएस बंजारे ने बताया कि बैठक 25 जुलाई को सुबह 11 बजे सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला दुर्ग के अध्यक्ष अभिजीत सिंह करेंगे। रेडक्रॉस सोसायटी ने जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, शासकीय कर्मचारी संगठनों, राजनीतिक दलों तथा समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होकर सुझाव देने और रक्तदान अभियान को जनआंदोलन बनाने में सहयोग करने की अपील की है। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में रक्तदान गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाना है, ताकि ब्लड बैंक में रक्त की कमी जैसी स्थिति उत्पन्न न हो।

### आवास प्लस 2.0 के लिए दावा-आपत्ति 28 तक

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में आवास प्लस 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए दावा-आपत्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आपत्ति 28 जुलाई तक मंगाई गई है। इस अवधि में ऐसे परिवार, जिनकी जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि है, वे संबंधित ग्राम पंचायत में निर्धारित प्रारूप में दावा प्रस्तुत कर सकेंगे। वहीं, यदि किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल पाया जाता है तो उसके विरुद्ध आपत्ति भी दर्ज कराई जा सकेगी। यह प्रक्रिया योजना में पारदर्शिता बनाए रखने तथा वास्तविक पात्र परिवारों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। दावा और आपत्ति प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन एवं आवश्यक जांच की जाएगी।

# सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नीट व जेईई की कोचिंग देने बनी रणनीति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

सरकारी स्कूलों से बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को नीट और जेईई की विशेष कोचिंग देने की घोषणा शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने की है। जिसे हाल ही में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सहमति दी। इस कोचिंग व्यवस्था को मूर्तरूप देने के लिए दुर्ग संभागीय शिक्षा संयुक्त संचालक ने कार्ययोजना बनाई। बुधवार को उन्होने दुर्ग जिले के 40 स्पेशलिस्ट टीचरों का चिहांकन कर उनकी बैठक ली और कार्य योजना बताई। आने वाली चुनौतियों को निपटने के लिए सुझाव भी मांगे।

## दुर्ग संयुक्त संचालक ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की ली बैठक

### अगस्त महीने से शुरू होगी कोचिंग कक्षाएं

दुर्ग भिलाई पूरे प्रदेश में एजुकेशन हब के नाम से जाना जाता है किंतु यहां सरकारी विद्यालय के विद्यार्थी का नीट और जेईई जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन अत्यधिक कम या नगण्य है। जिस पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा चिंता व्यक्त करते हुए दुर्ग जिले के विद्यार्थी जो किसी कारणवश नीट और जेईई की कोचिंग प्राप्त करने में सक्षम नहीं है। ऐसे कक्षा ग्यारहवीं एवं 12वीं के चयनित विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर कोचिंग कक्षाएं माह अगस्त से प्रारंभ करने के निर्देश दुर्ग शिक्षा विभाग को दिए है। इस अनुक्रम में डॉक्टर के वी राव संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा जिले के शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों की बैठक ली गई और उन्हें शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की मंशा अनुरूप इस योजना की रूपरेखा से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालय के शिक्षकों का चयन मेरीट बेसिस पर या व्यापम द्वारा या तो किसी न किसी परीक्षा के माध्यम से होता है इसलिए हमारे विभाग में कार्यरत शिक्षक बहुत सक्षम है। उन्होंने कहा कि आज की स्थिति में देश में 23आईआईटी,31 एनआईटी इसके अलावा देश में 25 आईआईआईटी तथा मेडिकल की क्षेत्र में हर राज्य में एक एम्स हो गया है,छत्तीसगढ़ राज्य में एक मेडिकल कॉलेज के स्थान पर अब 15 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं यदि हम बच्चों पर थोड़ी मेहनत करें तो निश्चित ही हम शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों का चयन नीट एवं जेईई में करा सकते हैं।



### कोचिंग से मेरिट सूची भी सुधरेगी

जेडी डॉ राव ने कहा कि इस कोचिंग से बोर्ड परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों के मेरिट सूची में आने की पूरी-पूरी संभावना होगी। इस कोचिंग से विद्यार्थियों के अलावा शिक्षकों को भी दो फायदे होंगे एक तो स्वयं का ज्ञानवर्धन होगा और उनकी पहचान भी बढ़ेगी। बैठक में कोचिंग हेतु समय सारणी किस प्रकार होगा तथा चयनित विशेष विशेषज्ञ किस-किस टॉपिक को डील करेंगे उसे भी सूचीबद्ध करते हुए पूरी रणनीति तैयार की गई। चयनित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कोचिंग संस्थानों के विषय विशेषज्ञों द्वारा जिला स्तर पर तीन दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें वे नीट एवं जेईई की कोचिंग की बारीकियों को समझ सकेंगे।

## जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व में किया विरोध

# दिल्ली में छात्र-छात्राओं पर लाठी चार्ज, बरसते पानी में कांग्रेसियों ने फूंका पीएम का पुतला

## पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्र छात्राओं पर किए गए लाठी चार्ज और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बर्बरतापूर्वक हिरासत में लिए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को दोपहर चंदूलाल चंद्राकार चौक, सुपेला पर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। मांग किया कि देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों के साथ पुलिस कर्मियों की झड़प भी हुई। पुलिस कर्मियों ने पुतले को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया। लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। लास्ट में कांग्रेसियों ने पीएम का पुतला दहन कर दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा और नारेबाजी भी की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि एक दिन पूर्व लोकसभा भवन के समक्ष पुलिस प्रशासन ने जिस बर्बरता ढंग से छात्रों के ऊपर लाठीचार्ज किया उससे पूरा देश उद्वेलित है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा सरकार की इस दमन विरोध करने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हजारों की संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं कांग्रेस के कई सीनियर नेता इस पुतला दहन कार्यक्रम में पहुंचे। पुतला दहन में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा,केशव बंछोर, गिरवर बंटी साहू,बृजमोहन सिंह, इरफान खान,नरसिंह नाथ, जी राजू, दिनेश पटेल, मोहम्मद रफीक, शीजु ,संदीप निरंकारी, सीजु एंथनी, अरुण सिसोदिया, आदि उपस्थित थे।



### पीएम और शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

सुपेला चौक पर कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो के नारे तक लगाए गए। पुतला दहन कार्यक्रम को बरसते पानी में पुतला लेकर जब कांग्रेसी पहुंचे तो पुलिस कर्मियों ने उनके हाथ से पुतला छीनने का प्रयास किया। कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए अंततः पुतले में आग लगा दी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि जंतर मंतर से अपने हितों को लेकर पैदल मार्च करने करते छात्र-छात्राओं पर पुलिस ने जिस बर्बरता ढंग से लाठी प्रहार किया है। वह अमानवीय है।

### छावनी थाने में बैठे धरने पर

अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि कांग्रेसी कार्यकर्ता पर जबरन डॉयल 112 का वाहन ठोकर मारने के बाद उस पर कर्मियों ने थप्पड़ जड़ दिया था। सूचना पर छावनी पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की गई। गुरुवार तक का समय पुलिस वालों ने दिया है। पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन मिलने के बाद थाने से उठ गए।



### स्वास्थ्य कर्मियों ने वेतन विसंगति दूर करने, नियमित भर्ती, पदोन्नति और निजीकरण पर रोक की मांग

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मंगलवार को अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सांकेतिक धरना दिया। बरसात में रैली आयोजित कर सरकार का ध्यान स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया। भोजन अवकाश के दौरान जिला चिकित्सालय दुर्ग से रैली निकालकर कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर दुर्ग और सीएमएचओ को भी दी गई। प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम, उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल, संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता तथा जिला सचिव भूपेश उपाध्याय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण मांगें लंबे समय से लंबित हैं, जिनके निराकरण के लिए सरकार को लगातार अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। संघ ने अपनी प्रमुख मांगों में सभी कैडरों की वेतन विसंगति दूर करने, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की विभागीय पदोन्नति सुनिश्चित करने, ठेका प्रथा, आउटसोर्सिंग और संविदा व्यवस्था समाप्त करने की मांग उठाई। इसके साथ ही प्रदेश में अस्पतालों के निजीकरण पर रोक लगाने तथा जीवनदीप समिति के कर्मचारियों को नियमित करने की भी मांग की गई। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज अस्पताल कंचादूर की नर्सिंग प्रकोष्ठ की अध्यक्ष जैकलीन डान, जिला अस्पताल दुर्ग की मंजू राय, कविता साहू, नर्सिंग संयोजक शिवेन्द्र साहू, जिला अस्पताल संयोजक दुर्ग राघवेंद्र साहू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष खिलावन चंद्राकर, महामंत्री लक्ष्मीकांत धोटे, सुपेला अध्यक्ष सुशीला सिंह, निकुम अध्यक्ष यामनी नेताम, जीवन दीप समिति अध्यक्ष लक्ष्मी कांत, सरस्वती चंद्राकर, योगेश ठाकुर, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## अतिथि शिक्षकों के आंदोलन को समाप्त करने शिक्षा मंत्री ने की पहल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने छत्तीसगढ़ अतिथि शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उनकी विभिन्न मांगों पर चर्चा की। अतिथि शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल द्वारा अतिथि शिक्षकों के संविलियन/समायोजन और ग्रीष्म अवधि का मानदेय प्रदान करने 'समान कार्य- समान वेतन' के तहत व्याख्याता पद के मूल वेतनमान का लाभ देने तथा शासकीय कर्मचारियों के समान अवकाश की पात्रता के तहत विभिन्न मांगे रखी गई।प्रतिनिधिमंडल के साथ सभी विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। अतिथि शिक्षकों की समस्त मांगो एवं समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक और संवेदनशीलता के साथ विचार किए जाने के संबंध में स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव दवारा आश्वासन दिया गया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल को अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों के प्रति सदैव संवेदनशील है और उनके जायज अधिकारों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल शिक्षा मंत्री यादव द्वारा छत्तीसगढ़ अतिथि शिक्षक संघ द्वारा विगत कुछ दिनों से संचालित धरना प्रदर्शन को समाप्त किए जाने प्रतिनिधिमंडल से आग्रह किया।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने अतिथि शिक्षक संघ से चल रहे धरना-प्रदर्शन को समाप्त करने का आग्रह किया। वहीं, जेआरडी शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दुर्ग के प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने धरने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने का हवाला देते हुए कलेक्टर से प्रदर्शन स्थल खाली कराने का अपील भी किया। इसके बाद कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने भी अतिथि शिक्षक संघ से धरना समाप्त कर स्थल मुक्त करने की अपील की।

# आयुक्त ने देखी जलभराव और सफाई व्यवस्था

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह ने निगम क्षेत्र के विभिन्न जोनों का निरीक्षण कर नागरिकों से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जोन-1 नेहरू नगर स्थित बाम्बे आवास के पास डूबान क्षेत्र, जोन-2 रामनगर स्थित नवीन पानी टंकी तथा जोन-3 अंतर्गत दुर्गापारा स्थित तालाब का बारीकी से अवलोकन किया। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जलभराव, पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त ने सबसे पहले जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र में बाम्बे आवास के पास स्थित डूबान क्षेत्र का निरीक्षण किया। बरसात के दौरान अधिक बारिश होने पर यहां जलभराव की स्थिति निर्मित होने से नागरिकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए आयुक्त ने अधिकारियों से क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए नालियों की नियमित सफाई कराई जाए। नालियों में कचरा, गाद एवं अन्य अवरोध जमा न होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखने के साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात निगम आयुक्त ने जोन-2 रामनगर स्थित नवीन पानी टंकी का निरीक्षण किया। उन्होंने पानी टंकी की वर्तमान स्थिति एवं संचालन व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों से जानकारी ली। आयुक्त ने टंकी से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने कहा।



### दुर्गापारा तालाब का भी लिया जायजा

निरीक्षण के अगले चरण में आयुक्त ने जोन-3 अंतर्गत दुर्गापारा स्थित तालाब का भी जायजा लिया। उन्होंने तालाब एवं उसके आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को नियमित रूप से सफाई कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि तालाब के आसपास गंदगी एवं कचरा जमा न होने दिया जाए तथा नागरिकों द्वारा तालाब के किनारे कचरा फेंकते पाए जाने पर तत्काल चालानी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता व्यवस्था की सतत निगरानी करने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रविदास नगर में पेयजल संकट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

भिलाई शारदा पारा कैंप-2 स्थित रविदास नगर वार्ड 37 में पिछले कई महीनों से बनी पेयजल समस्या को लेकर मोहल्लेवासियों ने भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य मुन्ना आर्य के नेतृत्व में नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त सुरुचि सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड 37 के रविदास नगर क्षेत्र में करीब 3 से 4 महीनों से पेयजल का गंभीर संकट बना हुआ है। अजय कोलते के घर से पुलिया तक, वंदन पाल ठेला हनुमान मंदिर से गोरेश गवरे के घर तक तथा शीतला मंदिर से बबलन के घर तक शिवनाथ पाइपलाइन से नियमित पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके चलते स्थानीय लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में मांग की कि क्षेत्र की पेयजल समस्या का जल्द से जल्द स्थायी समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य मुन्ना आर्य ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से नागरिकों को लंबे समय तक वंचित रखना उचित नहीं है। उन्होंने निगम प्रशासन से तत्काल आवश्यक कदम उठाकर प्रभावित क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने शेख शमीम अतुल चक्रवर्ती अखबार खान, राजेश कुहिकर,रमेश ठाकरे, गीता कुहिकर, प्रियंका कोलते, राजकुमारी, रेखा, ममता, सरोज, सुनीता समेत रविदास नगर लोग मौजूद थे।



## छायादार व फलदार पौधों से पर्यवारण संतुलन के साथ खूबसूरती बढ़ेगी

# टाउनशिप में हरियाली बिखेरने बीएसपी लगाएगा 1 लाख पौधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

सेल का सबसे बड़ा प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र अपनी फौलादी संस्कृति के साथ हरीभरी और खूबसूरत टाउनशिप के लिए भी जाना जाता है। ग्रीन सिटी की विशेषता यह है कि पिछले 50 साल के दौरान यहां लगे लाखों पेड़ औद्योगिक प्रदूषण को अवशोषित करने के साथ तापमान को संतुलित करनें में भी खास भूमिका निभा रहे हैं। हफ्तेभर की बारिश के बाद अब यह हरियाली और बढ़ जाएगी। भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा वृहद मानसूनी पौधारोपण अभियान के टाउनशिप एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। इनमें छायादार और फलदार दोनों तरह के पौधे होंगे। इस मुहिम का आगाज सेक्टर नौ से हुआ।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के समय से ही टाउनशिप पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए बीएसपी के उद्यानिकी विभाग द्वारा पिछले 50 साल साल से पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अब तक सेक्टर एरिया में 40 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। हर साल मानसून के आगमन के साथ निर्धारित लक्ष्य के तहत पौधे लगाए जाते हैं। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस साल एक लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। अभियान की शुरुआत सेक्टर 9 सेक्टर से परिसर से हुई। बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चित्तरंजन महापात्र ने पौधरोपण कर 30 सितंबर तक चलने वाली इस हरितिमा मुहिम की शुरुआत की। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, अरुण कुमार, महाप्रबंधक एबी श्रीनिवासन, ए प्रियदर्शी,अजय कुमार और उद्यानिकी प्रमुख डां. एनके जैन व प्रबंधक सौमिक डे आदि अधिकारियों ने भी पौधारोपण किये। डां. जैन ने बताया कि अभियान के दौरान हास्पिटल सेक्टर, सेक्टर 4, 7, 8 आदि विभिन्न सेक्टरों में प्रमुख सड़कों, खाली स्पेस, सार्वजनिक भवनों के परिसरों आदि में पौधे लगाए जाएंगे। इसके पूर्व जंयती स्टेडियमस मैत्रीबाग रोड आदि में पौधरोपण किया जा चुका है। अधिकाधिक पौधे लगाने का उद्देश्य टाउनशिप व माइनिंग एरिया में पर्यवारण के साथ सुंदरता को बनाए रखना है।

### पर्यावरण संतुलन में योगदान

बरसात के मौसम में जारी अभियान के दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा छायादार व फलदार तथा औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। इनमें करंज, गुलमोहर, नीम, अमलतास, आम, इमली, कदंब, आवंला शीशम, जामुन, शांल, पलाश आदि पचास प्रजातियों के पौधे होंगे। पूर्व में टाउनशिप में लगे करीब 40 लाख पौधे कार्बन अवशोषित कर आक्सीजन प्रदान करते हैं। साथ ही गर्मी के मौसम में करीबन डेढ़ डिग्री तापमान कम करते हैं। पटरीपार और टाउनशिप में अंतर साफ महसूस होता है।



### पानी की बर्बादी रोकने के साथ बढ़ेगी चहचहाहट

टाउनशिप में लाखों पेड़ों के लगे होने से चौतरफा लाभ होता है। अब एक लाख पौधे और लग जाने से आने वाले समय में इसका फायदा आमजनों के साथ बेजुबां परिंदों को भी होगा। मैत्रीबाग के प्रभारी व जीएम डां. जैन बताते हैं कि एक पेड़ राहगीरों को छाया के साथ पचासों पक्षियों को बसेरा देता है। एक लाख पौधे लग जाने से टाउनशिप में और सैकड़ों परिंदों की चहचहाहट बढ़ जाएगी। इसके अलावा बरसात के पानी को व्यर्थ बहकर नष्ट होने से भी यह पेड़ बचाएंगे। एक दो साल में पौधे बढ़ जाएंगे। नगर सेवाएं विभाग के जीएम एबी श्रीनिवासन के मार्गदर्शन में पौधों की सुरक्षा व देखभाल में भी विभाग की टीम जुटी रहती है। उद्यानिकी प्रमुख डां. एनके जैन के साथ विभाग के विक्रांत, शंकर अग्रवाल, ललित यादव, मदनलाल चंद्रा, राजेश शर्मा, अजय तिवारी आदि की टीम अभियान को सफल बनाने में जुटी हुई है।

# शटर तोड़कर नगदी किया पार पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

दुकान का शटर तोड़कर नगदी पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर भिलाई निवासी सुमंत कुमार मिश्रा का कुरूद रोड, कोहका स्थित पी. मिश्रा एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स का दुकान है। 18 जुलाई की रात पीड़ित दुकान को बंद कर अपने घर निकल गया। सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो शटर का ताला टूटा पड़ा मिला।

दुकान से नगद 60 हजार समेत अन्य सामान गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद सामान नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत किया गया। जांच करने पर पुलिस को जानकारी मिली कि बैरिया, जिला बलिया यूपी जो हाल में रामनगर निवासी शक्ति सिंह नामक युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि दुकान का ताला तोड़कर नगदी समेत अन्य सामान पार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने 8,950 रुपये बरामद किया।



## खबर संक्षेप



### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर द्वारा करंजा और पाटन विकासखंड के तहत घुघुवा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर हुए। चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिल धर बनर्जी, फार्मासिस्ट जान्हवी, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी तथा पंजीयन सहायक राकेश कुमार व घुघुवा शिविर में डॉ. रूबी वर्मा ने सेवाएं दीं। करंजा में 23 ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। घुघुवा शिविर में 20 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### स्कूली बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोडिया के जूनियर रेड क्रॉस के जूनियर्स कक्षा 12वीं 11वीं एवं 10वीं के 15 छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही देखी। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों के साथ तमाम विधायकों को सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेते देखा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के मार्गदर्शन में विधानसभा भवन एवं छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय शैक्षणिक भ्रमण हुआ। सरपंच खुमान निषाद ने छात्र-छात्राओं को बस में बिठाने से लेकर भ्रमण एवं उनके वापस घर आने तक की यात्रा सुनिश्चित की। प्राचार्य नीलमणि उजवने, रेड क्रॉस प्रभारी दानेश्वरी सिन्हा व्याख्याता और सहयोगी व्याख्याता रीना पिलोदिया ने मिलकर कार्यक्रम के रूपरेखा बनाई थी।

### एसएमएस-3 में सीओजी हेडर लाइन की कमीशनिंग

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) में पूर्णतः इन-हाउस संसाधनों से विकसित नए हॉट मेटल (एचएम) लैडल प्रीहीटर और वैकल्पिक कोक ओवन गैस हेडर लाइन की सफलतापूर्वक कमीशनिंग की गई। इससे उत्पादन क्षमता, बेहतर परिचालन तथा सुरक्षा मानकों को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। रखरखाव कार्यों के दौरान भी उत्पादन की निरंतरता सुनिश्चित करने के साथ संयंत्र की उपलब्धता एवं कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। परियोजना के तहत एसएमएस-3 में दो महत्वपूर्ण तकनीकी सुधार किए गए हैं। प्रथम, समर्पित डीएन-350 हेडर लाइन एवं नए हॉट मेटल लैडल प्रीहीटर की स्थापना की गई है। इसके माध्यम से लैडल बे एवं नए प्रीहीटर को निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इससे लैडल को कम समय में तैयार करने की क्षमता बढ़ी है तथा परिचालन बेहतर हुआ है। दूसरा, वैकल्पिक सीओजी हेडर लाइन विकसित की गई है, जो लैडल ड्रायर सर्किट को निरंतर एवं स्थिर गैस आपूर्ति उपलब्ध कराती है।

### रीतेश का राष्ट्रीय स्तर रथ यात्रा शिविर संचालन दल में रही सहभागिता

**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के सुभाष ओपन रोवर क्रू के एडवांस रोवर रीतेश कुमार ताम्रकार का राष्ट्रीय स्तर के रथयात्रा सेवा शिविर के संचालन दल में चयन हुआ।

**Name Change of a Minor**

I, Brijesh Singh Rajput S/o Ballu Singh Rajput R/o 31, ward 02, dau para, berla, Bharchatti, PO. Patora, DIST. Bemetara, Chhattisgarh-491332 have change the name of my minor daughter **Aishita Singh Rajput** aged 5 years and she shall hereafter be known as **Mrigakshi Singh Rajput.**

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Brijesh Singh Rajput**
**[Signature of Guardian]**

## मांग : तीन घंटे तक चला धरना, प्रशासन के आश्वासन पर हुआ खत्म

# बुनियादी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कॉलेज छात्रों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

ठा. महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय के छात्रों ने मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में 7 सूत्रीय मांगों को लेकर कॉलेज के मुख्य द्वार पर तीन घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मूलभूत सुविधाओं की कमी पर नाराजगी जताई। प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ, लेकिन छात्रों ने 15 अगस्त तक मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

■ थान खम्हरिया महाविद्यालय में पेयजल, लैब, भवन मरम्मत और एटीकेटी परिणाम सहित मूलभूत सुविधाओं की मांग

एबीवीपी के नगर अध्यक्ष हितेश राजपूत के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक धरने पर बैठे रहे। छात्रों ने आरोप लगाया कि लाखों रुपये का बजट मिलने के बावजूद कॉलेज में पेयजल, विद्युत व्यवस्था, प्रयोगशाला, भवन मरम्मत और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं बदहाल हैं। उनका कहना था कि पिछले आठ माह में पांच बार ज्ञापन सौंपने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। छात्रों ने बताया कि कॉलेज का वाटर कूलर छह माह से खराब था, जिससे शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा था।



क्लासरूम, प्रयोग शाला और लाइब्रेरी में बिजली के नंगे तार लटक रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। विज्ञान संकाय में माइक्रोस्कोप, केमिकल और अन्य उपकरणों के अभाव में प्रायोगिक कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं। वहीं पिछले सत्र का एटीकेटी परिणाम चार माह से लंबित होने से विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। बरसात के कारण भवन में सीपेज और शौचालयों की बदहाल व्यवस्था भी छात्रों की प्रमुख शिकायतों में शामिल रही। छात्रसंघ अध्यक्ष रवि चंद्राकर ने कहा कि बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद केवल आश्वासन मिलता रहा, इसलिए छात्रों को सड़क पर उतरना पड़ा। यदि 15 अगस्त तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू, थाना प्रभारी ओंकार साहू, कॉलेज प्रबंधन, लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता लालचंद जायसवाल तथा जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश सिंघानिया सहित अन्य सदस्य पहुंचे और छात्रों से चर्चा की।

### आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन

करीब दो घंटे चली चर्चा के बाद लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता लालचंद जायसवाल ने भवन की खिड़कियों, सीपेज सहित अन्य मरम्मत कार्यों का शीघ्र एस्टीमेट बनाकर प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। वहीं कॉलेज में नया वाटर कूलर लगाए जाने की जानकारी भी दी गई। इसके बाद छात्रों ने 15 अगस्त तक का अल्टीमेटम देते हुए धरना समाप्त कर दिया। **19 वर्ष पुराना भवन, 1100 छात्र पढ़ रहे:** वर्ष 2007 में निर्मित ठा. महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय में वर्तमान में करीब 1100 छात्र-छात्राएं तीन पालियों में अध्ययन कर रहे हैं। क्षेत्र के लगभग 40 गांवों के विद्यार्थी यहां शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। भवन की जर्जर स्थिति, स्टाफ और संसाधनों की कमी के कारण शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने का आरोप छात्रों ने लगाया। प्रभारी प्राचार्य वीणा त्रिपाठी ने कहा कि महाविद्यालय की निधि से कई मूलभूत कार्य कराए गए हैं। नया वाटर कूलर लगा दिया गया है और विद्युत व्यवस्था भी दुरुस्त कर दी गई है। भवन मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजा गया है। लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता लालचंद जायसवाल ने बताया कि भवन में ग्रेडिंग और वाटरप्रूफिंग का कार्य कराया जा चुका है। व्यापक मरम्मत के लिए 20 लाख रुपये का एस्टीमेट शासन को भेजा गया है। राशि स्वीकृत होने के बाद आवश्यक कार्य कराए जाएंगे।

# जिपं अध्यक्ष कल्पना ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ सीजन में किसानों को खाद-बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा में विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कृषि, पीएचई, शिक्षा, विद्युत, खनिज, मंडी बोर्ड, उद्यानिकी, वन एवं मत्स्य विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

■ विकास कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

बैठक में अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीफ सीजन के दौरान जिले में खाद और बीज की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। सहकारी समितियों एवं वितरण केंद्रों पर पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए तथा कालाबाजारी और कृत्रिम कमी पर कड़ी निगरानी रखी जाए। किसानों की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं और आवश्यक संसाधनों पर चर्चा की गई। वहीं पीएचई विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे, यह सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और अधिकारियों को जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करना होगा। बैठक में साजा विधायक ईश्वर साहू ने भी पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने तथा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंडावी, जिला पंचायत सदस्य बलराम पटेल, प्रीतम चंदेल, अंजु बघेल, प्रीति गोविंद पटेल, अनिल वर्मा, अंजली, नंदराम गंधर्व, हरीश साहू, सुशीला जोशी, बुंदकुमारी कंवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 22 छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल, शिक्षा जारी रखने का मिला संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग की सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत गुरुवार को शासकीय हाईस्कूल कोबिया में कक्षा 9वीं की 22 पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने छात्राओं को साइकिल सौंपते हुए नियमित अध्ययन और उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टेकसिंह वर्मा, पार्षद नीलम रामसजीवन टंडन, एल्डरमैन कमलेश वर्मा तथा सांसद प्रतिनिधि मदन वर्मा ने छात्राओं को साइकिल वितरित की। मुख्य अतिथि टेकसिंह वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बेटा और बेटी को समान अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने पालकों से बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। एल्डरमैन कमलेश वर्मा ने छात्र-छात्राओं से मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई कर अपने भविष्य को संवारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हितग्राही पालक बलराम वर्मा, अर्जुन वर्मा, धरमू साहू सहित जनप्रतिनिधि, पालकगण एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य रेखा सोनी ने सभी अतिथियों, पालकों एवं विद्यालय के शिक्षकों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार के सहयोग से साइकिल वितरण कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




# एफएलएन जांच में प्राथमिक शाला कंतेली की शिक्षण व्यवस्था को मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नई शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) कार्यक्रम की गुणवत्ता परखने के लिए राज्य स्तरीय गठन दल ने बेमेतरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला कंतेली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चों को गतिविधि आधारित एवं खेल-खेल में शिक्षण दिए जाने की व्यवस्था पर अधिकारियों ने संतोष जताते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

■ राज्य स्तरीय दल ने गतिविधि आधारित शिक्षण, बच्चों की बुनियादी साक्षरता और गणितीय दक्षता का किया अवलोकन

राज्य स्तरीय दल को समग्र शिक्षा के सहायक संचालक देवेंद्र अगवाले एवं सहायक कार्यकारिणी समन्वयक संजीव कश्यप द्वारा बेमेतरा विकासखंड के दो विद्यालयों का निरीक्षण करने भेजा गया था। कंतेली स्कूल में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रभावी ढंग से कराया जा रहा है। कक्षाओं में आकर्षक प्रिंट वातावरण एवं शिक्षण-सहायक सामग्री उपलब्ध थी। बच्चों ने अधिकारियों के सवालों के सहज, आत्मविश्वासपूर्ण और उत्साहपूर्ण जवाब दिए, जिससे दल के सदस्य प्रभावित हुए।



संकुल शैक्षिक समन्वयक धनीराम बंजारे ने बताया कि एफएलएन का उद्देश्य बच्चों में अक्षरों एवं शब्दों की पहचान, सरल वाक्य पढ़ने-लिखने की क्षमता विकसित करना तथा अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त करने का कौशल विकसित करना है। वहीं संख्यात्मक ज्ञान के अंतर्गत संख्याओं की समझ, जोड़, घटाव, गुणा, भाग जैसी मूलभूत गणितीय संक्रियाओं के साथ दैनिक जीवन में गणितीय अवधारणाओं के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान एपीसी खेमराज साहू, समग्र शिक्षा से प्रवीण, विद्यालय की प्रधान पाठिका शीतल राजपूत, शिक्षिका आंचल वर्मा, नीता देशमुख एवं शिक्षक गीतेश मिश्रा उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना: कक्षा 6वीं प्रवेश की काउंसलिंग निरस्त

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 14 जुलाई 2026 को आयोजित की गई काउंसलिंग की कार्यवाही निरस्त कर दी गई है। जिला प्रशासन ने बताया कि शासन द्वारा जारी संशोधित दिशा- निर्देशों के अनुसार पूर्व में संपन्न काउंसलिंग की प्रक्रिया को निरस्त किया गया है। अब नई काउंसलिंग संशोधित निर्देशों के अनुरूप आयोजित की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार काउंसलिंग की नई तिथि एवं आवश्यक दिशा-निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे आगामी सूचना के लिए जिला प्रशासन के आधिकारिक माध्यमों पर नजर बनाए रखें।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए काउंसलिंग 5 अगस्त तक

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ के प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विभाग द्वारा पात्र छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग सूची एवं तिथि जारी कर दी गई है। जिला प्रशासन ने बताया कि 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक संबंधित सूची में आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 11:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। सभी चयनित छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि पर संबंधित विद्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। काउंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं की प्रथम श्रेणी (60 प्रतिशत या अधिक) अंकसूची, प्रधानपाठक/प्राचार्य द्वारा जारी अध्ययन सत्यापन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा पात्रता के अनुसार नक्सल पीड़ित, विशेष पिछड़ी जनजाति, अल्पसंख्यक, दिव्यांग, अनाथ, विधवा या परित्यक्ता महिला के बच्चे अथवा शहीद पुलिस/अर्द्धसैनिक/सशस्त्र बल के आश्रित होने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, जिन विद्यार्थियों का प्रवेश पात्रता के आधार पर सुनिश्चित होगा, उन्हें काउंसलिंग के बाद तीन दिनों के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से काउंटर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) तथा जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन ने सभी पात्र छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे विभागीय वेबसाइट पर जारी काउंसलिंग सूची एवं तिथि का अवलोकन कर निर्धारित समय पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

# गभरा का आंवला बगीचा बना मुरूम भंडारण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/अम्लेश्वर



पाटन विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करगा-गभरा में स्थित शासकीय आंवला बगीचा इन दिनों कथित रूप से मुरूम भंडारण का केंद्र बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुरूम कारोबारी खुलेआम बगीचे में पेड़-पौधों के नीचे बड़ी मात्रा में मुरूम का भंडारण कर रहे हैं, जबकि इस पर रोक लगाने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत के सरपंच कमलेश ठाकुर ने आंवला बगीचा में मुरूम भंडारण करने से मना किया था और भंडारित मुरूम हटाने की बात भी कही गई थी। इसके बावजूद आज तक मुरूम नहीं हटाया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि आंवला बगीचा बस्ती के समीप स्थित है, जहां तीज-त्योहार के अवसर पर महिलाएं और बच्चे घूमने आते हैं तथा बच्चे खेलकूद करते हैं। ऐसे सार्वजनिक स्थान पर बड़ी मात्रा में मुरूम का भंडारण होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों के अनुसार, मुरूम कारोबारी द्वारा सैकड़ों हाइवा मुरूम का भंडारण किया गया है, जिसे मांग के अनुसार ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। बारिश के मौसम में मुरूम की मांग बढ़ने के कारण शासकीय भूमि पर अवैध भंडारण किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन गभरा में आंवला बगीचा तक को भंडारण स्थल बना दिए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे कार्रवाई को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### नई वेज कमेटी के गठन में लेटलतीफी से सेल कर्मियों को हो रहा नुकसान, एरियर्स भी है लंबित

**भिलाई।** नई वेज कमेटी के गठन में विलंब से सेल के हजारों कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। इससे असंतोष बढ़ रहा है। स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक ने सेल चेयरमेन से जल्द वेज कमेटी गठित करने के साथ लंबित एरियर्स व वेतन समझौता पूर्ण किए जाने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।इंटक के महासचिव संजय कुमार साहू के नेतृत्व में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सेल चेयरमैन के नाम भिलाई इस्पात संयंत्र के आईआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राहुल थोटे को सौंपे गए ज्ञापन में 39 महीने के एरियर का भुगतान, लंबित वेतन समझौते को शीघ्र पूर्ण करने तथा 1 जनवरी 2027 से प्रस्तावित नए वेतन समझौते के लिए नई एनजेसीएस कमेटी के गठन की मांग की। श्री साहू ने बताया कि 1 जनवरी 2017 से प्रभावी वेतन समझौते की प्रक्रिया को नौ वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। सेल के कर्मियों और प्रबंधन के प्रयासों से कंपनी ने लगातार उत्पादन, उत्पादकता व लाभ के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठिका पर विद्यार्थियों से मारपीट का आरोप

**भिलाई**। ग्राम पतोरा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका ममता शांडिल्य के खिलाफ ग्रामीणों, पालकों, जनप्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसे लेकर सभी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्हें निलंबित या बर्खास्त करने की मांग की।मिली जानकारी के मुताबिक 18 जुलाई को एक छात्र को कथित तौर पर कांटेदार डंडे से पीटा गया। जिससे उसके हाथ में चोट आई। ग्रामीणों का कहा था कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट और अपमानजनक व्यवहार किया जा चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान पाठिका के खिलाफ पहली लिखित शिकायत मार्च 2026 में शिक्षा मंत्री, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षाअधिकारी को दी गई थी। जांच शुरू हुई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। छात्र ने ने बताया कि लंच के समय वह स्कूल के पीछे बैठा था। तभी प्रधान पाठिका ने बुलाकर कांटेदार डंडे से पीटा। पूछने पर सिर्फ इतना कहा कि स्कूल के पीछे क्यों गए थे। छात्र का आरोप है कि प्रधान पाठिका अक्सर कहती हैं, पढ़ना है तो पढ़ो, नहीं तो टीसी लेकर चले जाओ। दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई गई है। टीम को स्कूल भेज दिया गया है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर प्रधान पाठिका के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब के पास कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई**। नगर निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह ने तालाबों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने को लेकर बड़ा कदम उठाया है। वो शिकायत पर जोन-3 अंतर्गत वार्ड 32 दुर्गापारा स्थित तालाब का निरीक्षण करने पहुंची और जब वहां गंदगी देखा तो अधिकारियों को तालाब के पास कचरा फेंकने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### ताला तोड़कर चोरी करने वालों को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सांई नगर बघेरा, दुर्ग निवासी भगवती प्रसाद ठाकुर को ठाकुर मोबाइल स्टोर्स का संचालन करते है। उन्हें चोरी की शिकायत कोतवाली दुर्ग में लिखित किया था। इस दौरान पुलिस चोरी को लेकर जांच में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर साक्ष्यों के आधार पर बीड़ी कॉलोनी, काली मंदिर के पास, उरला, थाना मोहन नगर निवासी तुषार भोंडेकर को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपने नाबालिग साथियों के साथ दुकान का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 13 मोबाइल, 2 चार्जर, 1 स्पीकर जब्त किया है।




## लोकतंत्र की हत्या बर्दाश्त नहीं, जनता की आवाज़ दबाने वालों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा : आशीष छाबड़ा

# छात्रों के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कांग्रेस ने नगर के सिग्नल चौक में लोकतंत्र की रक्षा, छात्रों-युवाओं के अधिकारों एवं जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश अघोषित तानाशाही की ओर बढ़ रहा है, जहां जनता की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर से संसद मार्च के दौरान नीट समेत विभिन्न छात्र मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग किया गया तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को छात्रों के समर्थन में अपनी बात रखने से रोककर हिरासत में लिया गया, जो लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला है। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और विपक्ष की आवाज़ दबाने का कार्य कर रही है। उनका कहना था कि जब देश का युवा अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हो और उसकी बात सुनने के बजाय उस पर लाठीचार्ज किया जाए, तो यह सरकार के दमनकारी रवैये को दर्शाता है।

कांग्रेस ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराते हुए कहा कि छात्रों, युवाओं, किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। प्रदर्शन में मंगत साहू, प्रांजल तिवारी, राजू साहू, मिथलेश वर्मा, रीता पाण्डेय, हरीश साहू, सुशीला जोशी, सुमन गोस्वामी, शकुंतला साहू, रूबी सलूजा, मनोज शर्मा, जोगेंदर छाबड़ा, मिनटा नामदेव, प्रकाश ठाकुर, टोकेश्वर साहू, द्वारिका तिवारी, अजय राज सेन, वैभव मिश्रा, दीपक दिनकर, योगिता साहू, निलेश ठाकुर, संस्कार शर्मा, निलेश वैष्णव, विकास चौबे, सीताराम यदु, बलवंत साहू, ऋतिक तिवारी, भीखम साहू, कोनेन अली, याशिफ खान, नरेंद्र वर्मा, शुभम सोनी, घनश्याम देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन, पुतला दहन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**नवागढ़**। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर गुरुवार को नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने लोकतंत्र, छात्र हितों और विभिन्न जनमुद्दों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। नांदघाट में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया, जबकि नवागढ़ में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन के बाद एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर छात्रों से जुड़े मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की गई।

नांदघाट चौक में आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर लगातार हमला हो रहा है और जनता की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र आंदोलनों के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया गया, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि छात्रों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में नीट, यूजीसी-नेट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक, परीक्षा रद्द होने और परिणामों में देरी का मुद्दा उठाते हुए छात्रों के हित में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, परीक्षा अनियमितताओं एवं व्यवस्थागत खामियों पर संसद में चर्चा कराने तथा छात्र आंदोलनों के दौरान दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग भी की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। प्रदर्शन में नांदघाट से विजय यादव, झम्मन बघेल, लाल कटारे, गुड्डू खान, रोली वैष्णव, परमेश्वर मीरी, अखिलेश साहू सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं नवागढ़ में आयोजित धरना-प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी अनंत, ब्लॉक महामंत्री खेमन टंडन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### साजा में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

## केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ रैली निकालकर किया पुतला दहन



**साजा**। पूर्व मंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री रवीन्द्र चौबे के मार्गदर्शन में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने भाग लिया।

- राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और छात्रों पर कथित कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का लगातार हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसदों, वरिष्ठ नेताओं तथा छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कथित लाठीचार्ज और कार्रवाई लोकतंत्र पर सीधा हमला है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़ी निंदा करती है।

वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं और छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर जवाब देने के बजाय उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। परीक्षा प्रणाली में सामने आ रही अनियमितताओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार इस पर गंभीर चर्चा करने के बजाय विपक्ष और छात्रों का दमन कर रही है।

धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस भवन साजा से विशाल रैली निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुराना बाजार चौक पहुंची। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। इसके बाद कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा को ज्ञापन सौंपकर पांच सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के अध्यक्ष ईश्वर वर्मा, पूर्व अध्यक्ष संतोष वर्मा, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किलुश यदु, संतोष तिवारी, बिहारी साहू, राजेश चंदेल, मनोज जायसवाल, किसान कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया साहू, पिछड़ा वर्ग विभाग अध्यक्ष दिनेश साहू, विनोद कुंजाम, अतुल शर्मा, जनार्दन सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंजोर यदु सहित ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एयर गन की गोली से युवक गंभीर घायल डॉक्टरों ने इमरजेंसी सर्जरी कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के पदमी-पदुमसरा गांव निवासी 24 वर्षीय युवक लक्ष्मण वर्मा एयर गन से चली छर्रे नुमा गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की छाती के दाहिने हिस्से में गोली लगने के बाद परिजन तत्काल उसे शहर स्थित एकता हेल्थ केयर हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बिना देर किए आपातकालीन सर्जरी कर उसकी जान बचा ली। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और उसे आईसीयू में चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। जानकारी के अनुसार, लक्ष्मण वर्मा (24 वर्ष), पिता राजाराम वर्मा, निवासी ग्राम पदमी-पदुमसरा को एयर गन से चली छर्रे नुमा गोली लगने के कारण गंभीर चोट आई थी। गोली उसके सीने के दाहिने हिस्से में धंस गई थी, जिससे उसकी स्थिति चिंताजनक हो गई। परिजन तत्काल उसे एकता हेल्थ केयर हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सुरेश कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सबसे पहले नियमानुसार नजदीकी थाना पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सर्जन एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम को तत्काल बुलाया गया और इमरजेंसी ऑपरेशन कर गोली निकालने की प्रक्रिया पूरी की गई। समय रहते किए गए उपचार और सफल सर्जरी से युवक की जान बच गई। घटना के पर मिली जानकारी अनुसार ग्राम के ही टोमन वर्मा पेड़ पर मौजूद बंदरों को एयर गन चलाकर भगा रहा था इसी बीच एक गोली किराना दुकान के पास बैठे लक्ष्मण वर्मा के पेट के दाहिने भाग में जा कर घुस गई।

- पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन दोनों पक्षों में समझौते के चलते मामला

**आईसीयू में चल रहा उपचार, हालत स्थिर:** अस्पताल प्रबंधन के अनुसार ऑपरेशन सफल रहा है। फिलहाल मरीज की स्थिति पहले से बेहतर है, लेकिन चिकित्सकीय एहतियात के तौर पर उसे आईसीयू में रखा गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टर लगातार उसकी निगरानी कर रहे हैं।

### अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस

घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। अस्पताल द्वारा पुलिस को मेडिकल सूचना भी उपलब्ध कराई गई। हालांकि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि एयर गन से गोली चलाने वाले व्यक्ति और घायल लक्ष्मण वर्मा के बीच आपसी सहमति एवं समझौता हो गया है। इसी कारण किसी भी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई, जिसके चलते पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज नहीं किया।

### मेडिको-लीगल प्रक्रिया का किया गया पालन

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि गोली लगने जैसे मामलों में निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी गई थी। इसके बाद मरीज के उपचार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन कर उसकी जान बचाने में सफलता हासिल की। फिलहाल मरीज की स्थिति संतोषजनक बनी हुई है।

# राजेश चौहान पर जुर्म दर्ज, 17.52 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर पर 17.52 लाख रुपए का ठगी का आरोप लगने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक जिंदल इस्पात लिमिटेड में ट्रांसपोर्ट का काम दिलाने का झांसा देकर ठेकेदार से राजेश चौहान ने ठगी किया। पीड़ित दिनकर विश्वमित्र के मुताबिक क्रिकेटर राजेश चौहान ने उद्योगपति नवीन जिंदल का करीबी होने का झांसा देकर भरोसा दिलाया था। जिंदल इस्पात का कथित वर्क ऑर्डर भी दिखाया और ट्रांसपोर्ट के काम में पार्टनर बनाने की बात कही थी लेकिन बाद में पता चला कि पूरा दस्तावेज फर्जी था। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस का रवैया ठीक नहीं होने के कारण वह न्यायालय पहुंचा जहां परिवाद दायर किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) न्यायालय ने मोहन नगर पुलिस को राजेश चौहान के खइलाफ अपराध दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया। वर्तमान में राजेश चौहान बिजनेसमैन और क्रिकेट एकेडमी के संचालक हैं। पीड़ित दिनकर ने कोर्ट को बताया कि राजेश चौहान की मुलाकात दोस्त सरोज कुमार के जरिए हुई थी। बातचीत के दौरान राजेश ने कहा कि उसकी गोविंद ट्रांसपोर्ट कंपनी को ओडिशा के क्योंझर स्थित जिंदल इस्पात लिमिटेड में आयरन और अन्य सामग्री के ट्रांसपोर्ट का बड़ा ठेका मिला है।

